प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.08.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

मिंजर मेला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज चंबा में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में भी मुख्य अतिथि होंगे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मुख्यंत्री से दोपहर एक बजे चंबा पहुंचेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत परिधि गृह चंबा में जन समस्याएं सुनेंगे।

डॉ. परमार जयंती

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की आज 118वीं जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला के रिज मैदान पर स्थित डॉ. परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विधानसभा परिसर में भी डॉ. परमार की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

आपदा–बचाव कार्य

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के दारचा–शिंकुला सड़क पर देर रात बादल फटने से सीमा सड़क संगइन के दो पुल टूट गए। इससे दारचा–शिंकला–जांस्कर सड़क पर आवाजाही बंद हो गई। प्रदेश में बादल फटने की तीन घटनाओं में लापता लोगों की तलाश अभी भी जारी है। शिमला ज़िला के समेज में 36 लोग अभी भी लापता हैं, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। खोज अभियान में जुटी एन.डी.आर.एफ की टीम ने लापता लोगों को ढूंढने के लिए लाईव डिटैक्टर डिवाइस का इस्तेमाल शुरू कर दिया है और स्निफर डॉग की भी सहायता ली जा रही है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि प्रभावित समेज क्षेत्र में चल रहे सर्च ऑपरेशन में तीन सौ एक जवान शामिल हैं। उधर मंडी ज़िले के पधर क्षेत्र के तेरंग गांव में लापता लोगों को ढूंढने का अभियान आज तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान हादसे वाले स्थान से दो शव बरामद हुए है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि अभी तक कुल 7 शव बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया

कि इस हादसे में मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये की राहत राशि दी गई है और उन्हें राशन, मैडिकल किट व तिरपाल भी उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अलावा कुल्लू में 9 लोग लापता हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव

ओंकार शर्मा ने शिमला में बताया कि प्रदेश में मॉनसून सीज़न में अब तक लगभग 6 सौ 55 करोड़ का नुकसान प्रदेश को हुआ है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व तथा बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौ जिला के चोलिंग, मीरु, युला उरनी पंचायत क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने 02 करोड़ 98 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले पुल, 01 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि से बनने वाली जल आपूर्ति योजना चोलिंग, वाली मीरु में जल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया।

हिमकेयर

प्रदेश सुक्खू सरकार ने हिमकेयर योजना को संशोधित किया है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सभी सरकारी सेवारत, सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यमंत्री हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल योजना (हिमकेयर) से तत्काल प्रभाव से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही निजी अस्पतालों की सूचिबद्धता पहली सितंबर से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। अब इन अस्पतालों में हिमकेयर योजना के तहत इलाज नहीं होगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से——————

आज अधिकांश समाचार पत्रों लाहौल–स्पिति के दारचा में बादल फटने से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– **दारचा–शिंकुला मार्ग पर फटा बादल दो पुल टूटे, राजबन में दो शव मिले।** दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**लाहुल के दारचा में बादल फटा–शिंकुला मार्ग पर दो बेली ब्रिज टूटे–जंस्कर का संपर्क कटा, तीसरे दिन मंडी में मिला एक शव।**

पहली सितंबर से निजी अस्पतालों में नहीं मिलेगी हिमकेयर सुविधा। शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–**सरकारी व निजी अस्पतालों की करीब 4 सौ करोड़ रूपए की देनदारी।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**सरकारी कर्मियों, पेंशनरों को नहीं मिलेगा हिमकेयर योजना का लाभ।** अमर उजाला का लिखता है– **निजी अस्पतालों में एक सितंबर से हिकेयर योजना से इलाज की सुविधा बंद।**

दैनिक जागरण की एक खबर है–**हिमाचल में सामान्य तबादलों पर कल से पूरी तरह रोक।** हिमाचल दस्तक का शीर्षक है– **सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने कर्मचारी तबादलों पर लगाया बैन।** अखबार की एक अन्य खबर है– **अनुसूचित जाति आयोग का निदेशालय शिमला से ऊना शिफ्ट।**

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**जुलाई माह में 31 हजार 5 सौ राजस्व मामले निपटाए।** जबकि दैनिक सेवरा टाईम्स की सुर्खी है–**राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से एक लाख 97 हजार 5 सौ 65 मामलों का किया निपटारा।**

....